# कांग्रेस शासन में कभी समय पर नहीं कराये गए निकाय चुनावः भट्ट

## कांग्रेस पर लगाया राजनीति करने का आरोप

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** भाजपा ने निकाय चुनावों में देरी के आरोपों पर पलटवार करते कहा, जिन्होंने सत्ता में रहते कभी कभी समय से निकाय चुनाव नही कराए अब वही प्रक्रिया की बाध्यता पर राजनीति कर रहे हैं। साथ ही कांग्रेस पर तंज किया कि संगठन को लेकर मंडलम का शिगूफा छोड़ने से पहले उन्हें प्रदेश टीम को मजबूत करना चाहिए।



पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, पहले के 60 निकायों के मुकाबले आज राज्य में 103 नगर निकाय हैं। लिहाजा निकाय क्षेत्रों की सीमाओं का विस्तार होने से बड़े पैमाने पर ग्रामीण इलाकों का सीमांकन होने में समय लगता है। साथ ही आरक्षण की स्थिति और मतदाता सूची के तैयार करने की प्रक्रिया संपन्न करना जरूरी होता है । उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा कि अपनी सरकारों में अनुकूल स्थितियों के बावजूद भी हमेशा निकाय चुनावों को 6 महीने विलंब से करवाया। अब प्रक्रिया की बाध्यता को जानते हुए भी इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। मीडिया द्वारा कांग्रेस का भाजपा की तर्ज पर मंडल गठन को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए भट्ट ने कहा, हमारे जैसा संगठन तैयार करने के लिए उन्हें दीर्घ वैचारिक प्रतिबद्धता और तपस्या की जरूरत है। मंडलम का जिक्र करने में एक ही सही बात है कि उन्होंने संस्कृत का प्रयोग किया। उन्होंने सलाह देते हुए कहा, मंडलम गठन से पहले उन्हें अपने प्रदेश संगठन को मजबूत करने पर ध्यान देने की जरूरत है।

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को लेकर कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, न जाने उन्हें क्यों सनातन संस्कृति के संत के आने से दिक्कत होती है,जबकि सबसे अधिक उनके नेता उनके दरबार में पहुंचते हैं। भाजपा सभी धार्मिक सामाजिक व्यक्तित्वों का देवभूमि में स्वागत करती है।

# पुत्रवधू से प्रताड़ित वृद्धा पहुंची डीएम दरबार, कार्यवाही के निर्देश

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 120 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, भरणपोषण, समाजकल्याण विभाग की पेंशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कोविड काल में अधिग्रहित किये गए वाहन का भुगतान करवाने, दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत कराने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करें ताकि किसी को भटकना न पड़े।

जनसुनवाई नत्थुवाला निवासी वृद्ध महिला द्वारा पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा प्रताड़ित किये जाने तथा भरणपोषण दिलवाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया किया भरणपोषण भत्ते वाले प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करें। जनसुनवाई में विलासपुर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, जागृति विहार सहस्त्रधारा में भूमि पर अवैध कब्जा, माजरामाफी आईआईपी में भूमि पर अवैध प्लाटिंग, गलज्वाड़ी में पंचायत की भूमि को खुर्दबुर्द करने की शिकायत, स्वामित्व योजना के अन्तर्गत किये गए सर्वे में कम दर्शायी गयी भूमि को रिकार्ड में ठीक करने, आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने भूमि सम्बन्धित शिकायतों पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को जांच करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही एमडीडीए को अवैध प्लाटिंग होने सम्बन्धित शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जौहड़ी गांव निवासियों द्वारा शिकायत की गई कि भूमाफियाओं द्वारा मौजा जौहड़ी पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय दिखाकर नगर निगम देहरादून की जलमग्न भूमि (खाला) नगर निगम की भूमि पर कब्जा कर दिया गया है जिस पर नगर निगम के अधिकारियों एवं तहसीलदार सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए। रायपुर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जांच कराने की शिकायत की गई, जिस पर मुख्य कृषि अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# जखोली में होने वाले मेले की तैयारियां शुरू

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड जखोली में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय कृषि एवं औद्योगिक विकास मेले की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। मेले को लेकर पूर्व में क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप थपलियाल की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की ब्लाक सभागार में बैठक आयोजित की गयी,जिसमें 2 से 6 नवम्बर तक आयोजित होने वाले कृषि मेले के भव्य आयोजन को लेकर ब्लाक प्रांगण में टेंट व दुकानें लगना शुरू हो गयी हैं।

सोमवार को ब्लाक प्रमुख व मेला संयोजक प्रदीप थपलियाल ने मेला स्थल का निरीक्षण कर बेहतर तरीके से व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए। ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने कहा कि मेले में पहले दिन ब्लाक परिसर में नवनिर्मित ब्लाक सभागार व प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन व लोकार्पण किया जायेगा। वहीं मेले के दौरान 5 नवंबर को ब्लाक परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इसके अलावा सभी विभागीय अधिकारी अपने अपने विभाग के स्टाल लगाकर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारियां भी मेले के दौरान देंगे,ताकि अधिकाधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो व लोग इनका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं,जिसके माध्यम से आपसी मेलजोल एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं दूसरी ओर सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर आम लोगों को उपलब्ध होगी। ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने व्यापार संघ जखोली से भी मेले में सहयोग देने की अपील की है। इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से मेले को भव्य एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए हैं। मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,जिसके लिए महिला मंगल दलों,युवक मंगल दलों के साथ ही स्थानीय कलाकारों व लोकगायकों के द्वारा अपने प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस अवसर पर मेला समिति के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, भवाली ( नैनीताल )**

निविदा सूचना संख्या: 3104/11 ए.सी. दिनांक 30-10-2023

### ( RFP ) निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई लो.नि.वि. भवाली (नैनीताल) द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा दिनांक 16-11-2023 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 01-11-2023 से 15-11-2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं। तथा दिनांक 16-11-2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो.नि.वि. नैनीताल, 2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रा. ख., लो.नि.वि. अल्मोड़ा। 3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नि. ख., लो.नि.वि., नैनीताल। 4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अ.ख., लो.नि.वि. भवाली।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( रु. ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | माननीय मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 551/2019 के तहत भीमताल बाईपास व मत्स्य विभाग की भूमि के मध्य नाले में सरफेस पार्किंग के निर्माण कार्य हेतु विस्तृत सर्वेक्षण, एमरेखन निर्धारण, मृदा परीक्षण, विस्तृत डिजाइन ड्राइंग (Feasibility study) बोर होल्स, यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय व मान्यता प्राप्त संस्थान IIT/NIT से Vetting का कार्य। (Social Impact Assessment Report), Drainage Drawing | 30,000.00 | रु. 1500.00 18 %जी.एस.टी . (अतिरिक्त) | 60 दिन | 02 माह | Architect (वास्तुकार) जिन्होंने राज्य सरकार के अधीन किसी विभाग में समान प्रकृति का कार्य किया हो। |

निविदा दिनांक 16-11-2023 को पूर्वान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो.नि.वि. भवाली (नैनीताल) में खोली जायेंगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

# रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश

**श्रीनगर गढ़वाल।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर शिक्षा विभाग की ओर से एनसीटीई के राष्ट्रीय मिशन विशेष स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता सप्ताह 3.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, पोस्टर मेकिंग के द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता सप्ताह के तीसरे दिन शिक्षा विभाग के छात्र- छात्राओं, शोध छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा परिसर में रैली निकाली गई। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रमा मैखुरी ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा लगातार समय-समय पर विवि परिसर एवं शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रो. सीमा धवन द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रो. अनिल नौटियाल, प्रो. गीता खंडूरी, डॉ. रमेश राणा, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. सिद्धार्थ लोहानी, डॉ. शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

## मेहलचौंरी मेले में स्थानीय कलाकारों ने जमाया रंग

**चमोली।** मेहलचौंरी के खेल मैदान में गत 27 अक्तूबर से व्यापार मंडल के सौजन्य से हो रहा सांस्कृतिक एवं कृषि विकास मेला सोमवार देर शाम पुरस्कार एवं लाटरी ड्रा खुलने के साथ ही संपन्न हो गया। मेले के अंतिम दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। सोमवार को मेले का शुभारंभ श्री गणेश प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मेहलचौंरी व्यापार मंडल के सौजन्य से किये गये इस मेले की सराहना की। मेले के अंतिम दिन स्थानीय कलाकार दीपक मंमगाई, मृणाल नगरकोटी, दीपा नगरकोटी व दर्शन फर्सवाण ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर प्रकाश मिश्रा प्रदेश महामंत्री प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, ईश्वरी मैखुरी जिला अध्यक्ष, सुनील पंवार सहित कई लोग थे।

# प्रो. ओपीएस नेगी भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत अध्यक्ष बने

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** भारतीय शिक्षण मंडल उत्तराखंड प्रान्त की तुलास संस्थान, देहरादून में हुई बैठक में नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ डा. संदीप विजय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तराखंड प्रान्त के सह प्रचार प्रमुख श्री संजय,अखिल भारतीय युवा आयाम प्रमुख अमित रावत, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो.सुरेखा डंगवाल, कुलपति उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी ओमप्रकाश सिंह नेगी, अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री सुनील शर्मा द्वारा भारतमाता, डा. हेडगेवार एवं पूज्य गुरुजी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण एवं दीपप्रज्वलन द्वारा किया गया। प्रो.सुरेखा डंगवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय पाश्चात्य संस्कृति एवं भाषा को अपनाकर अपनी संस्कृति एवं भाषा को भूलते जा रहे हैं।

उन्होंने इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. ओमप्रकाश सिंह नेगी ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषता एवं शिक्षकों के कर्तव्य तथा नई शिक्षा नीति के किर्यान्वयन के महत्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तराखंड प्रान्त के सह प्रचार प्रमुख श्री संजय ने संघ की महत्ता, प्रासंगिकता एवं समाज के लिए किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

नवीन कार्यकारणी में प्रो.सुरेखा डंगवाल एवं मनोहर सिंह रावत को संरक्षक, प्रो.ओमप्रकाश सिंह नेगी को अध्यक्ष, डा. संदीप विजय को प्रांत मंत्री,डा. गगन माटा एवं प्रो. तरुण सक्सेना को सह प्रान्त मंत्री, डा. महेश मनचंदा को कोषाध्यक्ष , डा. ललित गोयल को सह कोषाध्यक्ष, संदीप गौतम को युवा आयाम संयोजक, अभिषेक कुमार शर्मा को प्रकाशन संयोजक तथा स्वामी एस. चन्द्रा को उत्तराखण्ड प्रांत कार्यालय प्रभारी की ज़िम्मेदारी दी गई इस अवसर पर उत्तराखंड प्रान्त सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किये गए।

## देवप्रयाग की ऋचा कोटियाल करेंगी देश का प्रतिनिधित्व

**नई टिहरी।** देवप्रयाग निवासी ऋचा कोटियाल विश्व भर में लिंग आधारित हिंसा पर अमेरिका सहित चार शहरों में आयोजित सेमिनारों में भारत की ओर से व्याख्यान देंगी। अभियोजन अधिकारी ऋचा कोटियाल ने देवप्रयाग सहित टिहरी से शुरुआती शिक्षा यूआईटी विश्वविद्यालय से एलएलबी कर कुमाऊं विवि से एलएलएम किया। उत्तराखण्ड सरकार में सहायक अभियोजन अधिकारी के रूप में अपने करियर शुरू करते हुए ऋचा कोटियाल ने अपनी प्रतिभा के बलबूते पीओ पद ग्रहण किया व देशभर चुनिदा अभियोजन अधिकारियों में स्थान बनाया। सरदार वल्लभ भाई पटेल पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षु अधिकारियों को व्याख्यान देने के साथ ही ऋचा यहां एक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार भी साबित हुई। पूर्व सूचना आयुक्त राजेंद्र कोटियाल की पुत्री ऋचा दुनिया की आधी आबादी का देश की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगीं। ऋचा 18 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक आयोजित सेमिनारों में अपना व्याख्यान देंगी।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लो.नि.वि., पिथौरागढ़**

Email: sepwdpth@rediffmail.com

पत्रांक: 6556/984-सी(याता. अ)-03/2023 दिनांक 27-10-2023

### राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक ई-निविदा सूचना

मा. राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़ द्वारा आईटम दरों के आधार पर निम्नलिखित कार्यो की ई- टैण्डरिंग द्वारा (टू बिड सिस्टम) (Two Bid System) के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाएं https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 05-11-2023 को सायं 5.00 बजे से उपलब्ध होंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( लाख में ) | निविदा की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि ( माह ) | फर्म/ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., पिथौरागढ़ | | | | | |
| 1. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में चैंसर, चामी, मैथाना बुथखोला से निराडा मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण का कार्य एवं तीन वर्षीय अनुरक्षण कार्य, लम्बाई 3.500 किमी. | 3.26 | 5000.00 +18 % GST | 120 | 12 | केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग उपक्रम में मार्ग निर्माण कार्यों हेतु श्रेणी 'B' एवं उच्चतर में पंजीकृत। |
| 2. | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., चम्पावत राज्य योजना के अधीन मा. मुख्यमंत्री घोषणा सं. 874/2021 के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र चम्पावत में ललुवापानी हिंग्लादेवी तक पूर्व निर्मित कच्चे पैदल मार्ग को पूर्ण विद्यमान चौड़ाई में सी.सी. इण्टर लॉकिंग टाईल्स द्वारा सुधारीकरण कार्य (लम्बाई 1.80 किमी.) | 3.43 | 5000.00 + 18% GST | 120 | 12 | केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग उपक्रम में मार्ग निर्माण कार्यों हेतु श्रेणी 'B' एवं उच्चतर में पंजीकृत। |

**सम्मन**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/ उप जिलाधिकारी, काशीपुर, जिला उधमसिंह नगर**

**राजस्व वाद संख्या:** 22/16

वर्ष 2023-24

**वादी**- नवाब अली

**बनाम**

**प्रतिवादी**- उत्तराखण्ड सरकार

अन्तर्गत धारा 143 जेड.ए. एक्ट

मौजा धीमरखेड़ा

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री नवाब अली पुत्र मौहम्मद इरफान निवासी ग्राम धीमरखेड़ा, तहसील काशीपुर, जिला उधमसिंह नगर के खसरा सं. 256 मि. रकबा 232.34 वर्ग मी. यानि 0.023 है. भूमि लगानी रु. 0.55 भूमि कृषि भूमि से अकृषक भूमि घोषित कराने हेतु मेरे न्यायालय में धारा 143 जेड. ए. के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 01-11-2023 मेरे न्यायालय में नियत है। अगर किसी को उक्त के विषय में आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नियत दिनांक तक मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जायेगा।

**आज्ञा से- रीडर**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/ उप जिलाधिकारी, काशीपुर, जिला उधमसिंह नगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा वास्तविक नाम मनोज सिंह बिष्ट पुत्र महेंद्र सिंह बिष्ट है। दस्तावेजों में जहां भी मेरा नाम मनोज सिंह पुत्र महेंद्र सिंह है, उसके स्थान पर मनोज सिंह बिष्ट पुत्र महेंद्र सिंह बिष्ट लिखा, पढ़ा व समझा जाय। निवासी केम्ब्रीज हाउस, मल्लीताल, नैनीताल।

**सूचना**

सूच्य है कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा संचालित मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016, अनुक्रमांक-16087945 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018, अनुक्रमांक- 18469712 के अंक पत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **अजय सिंह भंडारी पुत्र श्री गणेश सिंह भंडारी, निवासी- ग्राम- पोश-बलुआकोट , तहसील- धारचूला ( पिथौरागढ़ )।**

**भवनकर में नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लालकुआँ के भवन कर अभिलेखों में वार्ड नं. 02 गांधी नगर लालकुआं के डिमाण्ड संख्या 36/02 पर दर्ज नाम श्री गंगा सिंह पुत्र श्री केशर सिंह, भवन पर (पूरब में गली, पश्चिम में पी.एल. गुप्ता, उत्तर में सी.सी. रोड, दक्षिण में कंचन नेगी का भवन स्थित है तथा श्री देवेन्द्र सिंह नयाल पुत्र स्व. गंगा सिंह के आवेदन दिनाँक 25/10/2023, के साथ स्व. श्री गंगा सिंह पुत्र श्री केशर सिंह एवं हेमा देवी पत्नी स्व. श्री गंगा सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, श्री ललित सिंह नयाल पुत्र स्व. श्री गंगा सिंह का आवेदन एवं अनापत्ति स्टाम्प नं. IN UK 84347620361454v , दीपा नयाल पत्नी श्री ललित सिंह नयाल का आवेदन एवं अनापत्ति स्टाम्प नं. IN UK84348480874939v , श्री विवेक सिंह नयाल पुत्र स्व. श्री गंगा सिंह नयाल का आवेदन एवं अनापत्ति स्टाम्प नं. IN UK 84349215033265v, आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्रस्तुत किया गया है। साथ ही श्री देवेन्द्र सिंह नयाल पुत्र स्व. श्री गंगा सिंह का राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पानी का बिल, एवं वार्ड सदस्य की रिपोर्ट, स्थाई निवास, प्रस्तुत किया है। श्री देवेन्द्र सिंह नयाल, पुत्र स्व. श्री गंगा सिंह निवासी गांधी नगर वार्ड नं. 02 लालकुओं द्वारा भवनकर में नामान्तरण कर अपना नाम अंकित करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों, संस्थाओं अथवा विभागों आदि को जिस पर कि प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, तो उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिन के अन्दर मय लिखित साक्ष्यों सहित अध्यक्ष नगर पंचायत लालकुआं के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, बाद मियाद समाप्ति पर प्राप्त आपत्तियों / सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। श्री देवेन्द्र सिंह नयाल पुत्र स्व. श्री गंगा सिंह के नाम गृहकर अभिलेखों में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी। कृपया सूचित हो।

25.07.2021 के द्वारा संसोधन मा. उच्चतम न्यायालय के आदेश सिविल अपील संख्या-10585/1996 दिनांक 08.10.2003 के अनुसार केवल गृहकर वसूली हेतु प्रस्तावित है।

As per law. "An Entry in municipal record is not evidence of title- The Entry shows the person who is held liable to pay the rates and taxes to the municipality

**अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष**

**नगर पंचायत, लालकुआं**

# कांग्रेस ने पंचायत चुनावों पर की चर्चा

**नई टिहरी।** चंबा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जगधार गांव में बैठक कर निकाय, लोकसभा और पंचायत चुनाव पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। उन्होंने भाजपा सरकार की खामियों को आम जन तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। चंबा ब्लॉक के जगधार न्याय पंचायत अध्यक्ष विजेंद्र सिंह नेगी अध्यक्षता में सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों की संपन्न हुई। बैठक में पाटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज राणा ने कहा कि आने वाले चुनाव की सभी मिलकर अभी से तैयारियां शुरु करनी होगी। कहा कार्यकर्ताओं भाजपा सरकारों की खामियों को आम जन के बीच पहुंचाए। भाजपा सरकारें देश की जनता को गुमराह करने में लगी है।

भाजपा के शासनकाल में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। बेरोजगार युवा रोजगार के लिये भटक रहे हैं,मातृ शाक्ति सुरक्षित नहीं है। विरोधी दलों के लोगों को सीबीआई और ईडी का डर दिखाकर चुप करवाया जा रहा है। कहा पीएम मोदी की 15 लाख वाली घोषणा, प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने के सहित अन्य वादे हवाई साबित हो गये हैं,सरकार अपने वादों पर ही पूरी तरह फेल हुई है। बैठक में चंबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष साहब सिंह सजवाण, वरिष्ठ कांग्रेसी नरेन्द्रचंद रमोला, सोबन सिंह नेगी, हरी मखलोगा, शक्ति प्रसाद जोशी, रजनी भट्ट, सरोजनी देवी, रजनी देवी, सुरेन्द्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रेलवे कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल पर 30 से 5 नबम्वर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबन्धक रेखा यादव ने मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान मंडल पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


## रामा विजन लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय : प्लाट नं. 10/1 एवं 10/2, खसरा नं. 302 एवं 307, हिमालयन मेगा फूड पार्क, ग्राम- महुवाखेड़ा गंज, काशीपुर 244713, जिला-ऊधमसिंह नगर ( उत्तराखण्ड )**

Website: www.ramavisionltd.com, e-mail:sehgal@ramavisionltd.com

CIN : L32203UR 1989PLC015645

**30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के एकल असंप्रेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

( रु. लाख में, इपीएस छोड़कर )

| क्र. सं. | विवरण | 30.09.2023 को समाप्त तीन माह (समीक्षित) | 30.09.2022 को समाप्त तीन माह (समीक्षित) | 30.09.2023 को समाप्त छह माह (समीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 2198.71 | 2073.82 | 4231.63 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और असाधारण मदों से पूर्व) | 108.40 | 96.61 | 202.30 |
| 3. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर से पूर्व व असाधारण मदों के पश्चात) | 108.40 | 96.61 | 202.30 |
| 4. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर तथा असाधारण मदों के पश्चात) | 78.81 | 71.32 | 149.06 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए अन्तर्भूत लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)] | 77.76 | 71.07 | 146.88 |
| 6. | साम्य अंश पूंजी | 1,042.63 | 1002.63 | 1,042.63 |
| 7. | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकित आरक्षित को छोड़कर), जैसा कि गत वर्ष 31-03-2023 के संप्रेक्षित तुलन पत्र में प्रदर्शित है | - | | 1,241.69 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/- प्रत्येक) (प्रवाही एवं गैर प्रवाही संचालनों के लिए) | | | |
| | 1. मूल | 0.79 | 0.71 | 1.49 |
| | 2. तनुकृत | 0.79 | 0.71 | 1.49 |

**नोट:-**

1. उपरोक्त असंप्रेक्षित वित्तीय परिणामों की आडिट कमेटी ने समीक्षा कर ली है तथा निदेशक मण्डल ने अपनी 30 अक्टूबर 2023 की बैठक में इसका अनुमोदन कर लिया है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनीज के (इण्डियन एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड) नियम, 2015 (IND-AS) कम्पनीज एक्ट 2013 के अनुच्छेद 133 में निर्धारित तथा कम्पनीज (इण्डियन एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड) नियम 2015 के रुल 3 के साथ पठित तथा कम्पनीज (इण्डियन एकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड) रुल 2016 के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. कम्पनी मुख्यतया सिर्फ एकल खण्ड 'व्यापारिक क्रियाकलाप' नाम से संचालित है तथा इस प्रकार खण्ड ब्यौरा के प्रकाशन की आवश्यकता नहीं है।
4. कम्पनी ने 13-03-2023 को प्रोमोटर्स को रु. 57.10 प्रत्येक के 4,00,000 नग परिवर्तनीय इक्विटी शेयर वारन्ट्स नियत किए जो 16-09-2023 को रु. 47.10 प्रति शेयर के प्रीमियम पर रु. 10 प्रत्येक पर 4,00,000 इक्विटी शेयर में परिवर्तित हो गये हैं।
5. विगत अवधि तथा/या वर्ष के आंकड़े जहां जरुरी समझा गया पुनर्समूहित या पुन: व्यवस्थित किए गए हैं।
6. उपरोक्त विवरण SEBI (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) के अधिनियम 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टाक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। तिमाही/ वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कंपनी की वैबसाइट www.ramavisionltd.com और बीएसई की वैबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध हैं।

**बोर्ड के आदेशानुसार**

**हस्ताक्षर/-सतीश जैन**

**अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक**

DIN: 00052215

**स्थान- नई दिल्ली**

**दिनांक- 30 अक्टूबर, 2023**


**कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत**

पत्रांक-मु.कृ. अ./1144/ मण्डुवा/ 2023-24 दिनांक 30-10-2023

### विज्ञापन

किसान भाई ध्यान दें, बहु. साधन सहकारी समितियों के माध्यम से मंडुवा क्रय करने की कार्यवाही जनपद में प्रारम्भ हो चुकी है। अत: जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि अपने निकटतम बहु. साधन सहकारी समिति को अपनी मण्डुवा फसल विक्रय करने का कष्ट करें। मण्डुवा खरीद हेतु सरकार द्वारा 38.46 रु. प्रति किग्रा. की दर से निर्धारित की गई है।

**मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत**

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ( ग्रामीण ) 79, हीरानगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी**

### निविदा तिथि बढ़ोत्तरी

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या 38 एवं 39/2023-24, जो दिनांक 27-10-2023 को खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 09-11-2023 की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 08-11-2023 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

राष्ट्रहित में बिजली बचायें

**अधिशासी अभियन्ता**

संख्या: 4208 दिनांक: 30.10.2023

**राशिफल** मंगलवार 31 अक्टूबर, 2023

**मेष :** आज व्यापार में प्रगति रहेगी। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी। धन प्राप्ति के प्रबल योग हैं।

**वृषभ :** आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। कला के क्षेत्र में प्रतिभा दर्शाने का मौका मिलेगा।

**मिथुन :** नई योजनाओं को अमल में लायेंगे। सरकार की तरफ से अच्छा फल मिलेगा। दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा।

**कर्क :** नकारात्मक सोच खत्म होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे। संतोष की भावना जागेगी।

**सिंह :** त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन ठीक रहेगा।

**कन्या :** आज धनवर्षा का योग है। चिंता खत्म होगी। बिगड़े काम आज बनेंगे। आकस्मिक धन खर्च भी होगा।

**तुला :** सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। अनुकूल वातावरण रहेगा। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु :** आज थकान और बेचैनी खत्म होगी। व्यवसाय उत्तम रहेगा। माता-पिता से उपहार मिलने की संभावना है।

**मकर :** आज सारी नकारात्मकता दूर होगी। उत्साह से भरपूर रहेंगे। अचानक धन खर्च होगा। प्रशासनिक बुद्धिमत्ता दिखेगी।

**कुंभ :** मित्रों के साथ भ्रमण का अवसर है। वाहन प्राप्ति के योग भी हैं। संबंध अच्छे रहेंगे। दिन आनंददायक रहेगा।

**मीन :** कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। सुख-शांति का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। धनप्राप्ति के योग हैं।


**संस्थापक: स्व.जी.एस.भण्डारी**

जी.एस.भण्डारी एण्ड को. के लिए प्रकाशक मुद्रक डा.उषा किरन भण्डारी द्वारा उत्तर उजाला प्रेस, उजाला नगर बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) से मुद्रित व भण्डारी भवन, मल्लीताल, नैनीताल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

**मुख्य सम्पादक :** डा. उषा किरन भण्डारी

फोन : हल्द्वानी 05946-252975, पंजी.सं. आर.एन.32942/77

E-mail : uttarujala7@gmail.com website: www.uttarujala.com